हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 31 मई 2024

तापमान

अधिकतम 46 .6 डिग्री
न्यूनतम 31.8 डिग्री

11 मतगणना के समय अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व पारदर्शिता से करें स्टाफः डीसी



12 गर्मी की मार से सब्जीमंडी भी गर्म एक सप्ताह में तीन गुणा बढ़ गए दाम



## खबर संक्षेप

### कालड़ावास में प्लॉट में बंधी भैंस चोरी

**बावल।** कालड़ावास गांव में एक प्लॉट में बंधी भैंस चोरी हो गई। पुलिस को दर्ज शिकायत में लीलूराम ने बताया कि उसने रात के समय अपनी भैंस घर के पास ही प्लॉट में बांधी हुई थी। सुबह जब वह भैंस का दूध निकालने के लिए गया तो उसे भैंस गायब मिली। पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक पिकअप गाड़ी खड़ी नजर आ रही है, जिसका पंजीकरण नंबर भी दिखाई दे रहा है। बावल पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### चोरी के मामले में नाबालिग किया काबू

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने चोरी के मामले में एक नाबालिग आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने गत 10 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के बहरोड़ क्षेत्र से एक नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। उसके कब्जे से 700 रुपये बरामद हुए। जुवेनाइल कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### पांच के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** गुर्जर माजरी में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने गांव के पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में राजकुमार ने बताया कि रात को खाना खाने के बाद वह घर के बाहर घूमने के लिए निकला था। उसने आरोप लगाया कि रास्ते में सतबीर, हीरालाल, सुरेश, विपिन व हिमांशु ने उस पर हमला कर दिया। इन लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। गांव के लोगों ने उसका बचाव किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन क्षेत्र से 28 मई को एक बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने कुतुबपुर निवासी दीपक उर्फ कालिया को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की हुई बाइक बरामद की गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### कमरे में सो रहे चार लोगों के मोबाइल चोरी

**धारूहेड़ा।** राम नगर में रात के समय कमरे में सो रहे चार लोगों के मोबाइल फोन चोरी हो गई। राजस्थान के जिंका की ढाणी बांसुर निवासी योगेश ने पुलिस शिकायत में बताया कि रात को वह, उसके दोस्त विकास, नरेश व रोहताश भी कमरे पर सो रहे थे। सुबह जब वह उठा तो उसे मोबाइल फोन गायब मिला। उसने तीनों दोस्तों को बताया तो वह भी अपने फोन चेक करने लगे। तीनों के मोबाइल फोन भी गायब मिले। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### बखापुर में प्लॉट में बंधी भैंस ले गए चोर

**कसोला।** बखापुर गांव में चोर रात को एक प्लॉट में बंधी भैंस चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सुरेश कुमार ने बताया कि रात को उसकी भैंस प्लॉट में बंधी हुई थी। करीब 11 बजे वह भैंस को देखने के बाद घर आकर सो गया। सुबह 4 बजे जब वह दूध निकालने के लिए प्लॉट में गया, तो उसे भैंस गायब मिली। आसपास देखने के बाद कुछ दूरी पर पिकअप गाड़ी के टायरों के निशान व भैंस के पैरों के खोज दिखाई दिए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## सात साल में जर्जर होने लगे न्यायाधीशों के आवास, दीवारों के उखड़े प्लास्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग की ओर से वर्ष 2017 में बनाए गए न्यायाधीशों के आवासीय भवन 7 साल में ही जर्जर हालत में आ गए है। करीब 3 करोड़ रुपये प्रति यूनिट की लागत से बनाए गए इन आवासों की दीवारों में दरारें, छतों से पानी का रिसाव और घटिया सामग्री का उपयोग होने के मामले सामने आने लगे हैं। गांव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने भवनों की जर्जर अवस्था को लेकर अधिकारियों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि इन आवासों की वर्तमान स्थिति में दीवारों से ईंटें तक दिखाई दे रही हैं। बरसात के समय में जर्जर भवन न्यायाधीशों और उनके परिवारों की सुरक्षा को भी प्रभावित कर सकते है। प्रकाश ने कहा कि यदि न्यायाधीशों के आवासों की गुणवत्ता इतनी खराब है, तो पीडब्ल्यूडी की ओर से सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाए गए अन्य भवनों की स्थिति की कल्पना ही की जा सकती है। इस प्रकार की निर्माण गुणवत्ता जनता के विश्वास को कमजोर करती है और सरकारी और न्यायिक प्रणाली की विश्वसनीयता को ठेस पहुंचाती है। उन्होंने इस मामले की गहनता से जांच कराने तथा आवासों की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए आवश्यक कदम उठाने की की मांग की है। प्रकाश यादव ने इस संबंध में मुख्यमंत्री और विभागीय अधिकारियों को पत्र भेजकर मामले पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है।




रेवाड़ी। न्यायाधीशों के भवन में आई दरार, न्यायाधीशों के भवन की चारदीवारी का उखड़ा प्लास्टर। फोटो :हरिभूमि

### नकदी व जेवरात के साथ महिला घर से हुई फरार

**धारूहेड़ा।** कस्बे में गोल गप्पे की रेहड़ी लगाकर पेट पालने वाले एमपी के एक व्यक्ति की 24 वर्षीय पत्नी घर से नकदी व जेवर लेकर फरार हो गई। वह अपने साथ अपनी दो बच्चियों को भी ले गई। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद महिला व बच्चियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस को दर्ज शिकायत में कस्बे की कॉलोनी में रहने वाले युवक ने बताया कि वह और उसका भाई किराए के मकान में रहते हैं। दोनों गोल गप्पे की रेहड़ी लगाते हैं। उसके एक पांच साल की और दूसरी तीन साल की बेटी है। 29 मई को जब वह रेहड़ी लगाने के बाद कमरे पर आया तो उसकी पत्नी व बच्चियां कमरे पर नहीं मिलीं। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला। कमरे से शादी में चढ़ाए हुए जेवरात व लगभग 60 हजार रुपये गायब मिले। यह राशि उसने गोलगप्पे बेचकर व लोन लेकर एकत्रित की थी। इसमें उसके भाई के भी पैसे थे। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद महिला का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### नई अनाजमंडी में 80, बावल में 40 व नाईवाली सब्जीमंडी में 30 दुकानों के पास नहीं कंपलीशन

# सालों से लंबित पड़े विवादों को निपटाने के लिए ब्याज में छूट, कई व्यापारियों ने सालों से नहीं ली कंपलीशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। नई अनाजमंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अंतर्गत चलाई गई विवादों के समाधान-2 योजना की समय सीमा 12 मार्च से आगे बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। योजना के तहत जिले में मार्केट कमेटियों के अधीनस्थ संचालित सब्जी व अनाज मंडियों के जिन दुकानदारों ने अपनी दुकानों, प्लाट व बूथ की बकाया किस्त नहीं जमा कराई है वह स्कीम का लाभा लेकर ब्याज में 40 प्रतिशत व पैनल ब्याज में 100 प्रतिशत छूट ले सकते हैं। जिन प्लॉट धारकों ने अभी तक न तो एक भी किस्त जमा कराई है और न ही निर्माण समय सीमा बढ़वाने की फीस भरी है, वह भी इस योजना में शामिल होकर इसका लाभ उठा सकते हैं। यदि दुकानदारों ने कंपलीशन प्रमाण पत्र के लिए आवेदन नहीं किया है तथा दुकान निर्माण के प्रमाण के रूप में बिजली का बिल, टेलीफोन का पुराना बिल, पानी का पुराना बिल या लाइसेंस नहीं है तो भी स्कीम में तहत कंपलीशन के लिए आवेदन कर सकते है। ऐसे दुकानदार अधिकतम समयावधि फीस 1,40,000 जमा करके कंपलीशन के लिए आवेदन कर सकते है। अगर इसके बाद भी किसी प्रकार का बकाया रहता है तो प्लाट, दुकान व बूथ को जब्त कर लिया जाएगा। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से अनाज मंडियों में दुकानों के बकाया को लेकर सालों से चल रहे विवादों को निपटाने के लिए 'विवादों के समाधान योजना-2' के तहत गठित कमेटी की ओर से जांच की जा रही है, समाधान के बाद सालों से बकाया पड़े कई लाखों रुपये की वसूली होगी। योजना का लाभ उठाने वाले अलॉटियों को मार्केटिग बोर्ड की ओर से ब्याज में 40 फीसदी तक छूट दी जाएंगी तथा पैनल ब्याज में 100 प्रतिशत छूट दी जाएंगी।

### पुरानी दुकानों के अलॉटियों को देने होंगे प्रमाण

सब्जीमंडी व नई अनाज मंडी में बिना कंपलीशन के सालों से बनी पुरानी दुकानों के आढ़तियों को विवादों का समाधान-2 योजना का लाभ उठाने के लिए करीब पांच प्रमाणों में पुराना बिजली का बिल, पुराना टेलिफोन बिल, पानी बिल, पुराना लाइसेंस व प्रॉपर्टी टैक्स की रसीद में से कम से कम एक पुराना प्रमाण देना होगा, जिसके बाद उन आढ़तियों को कंपलीशन दे दी जाएंगी।

### अभी भी काफी के पास कंपलीशन नहीं

नई अनाजमंडी में काफी दुकानों की कंपलीशन फीस जमा नहीं है। आढ़तियों की किश्ते भी बकाया चल रही है। नई अनाजमंडी में 350 के करीब बड़ी दुकानें व बूथ है तथा नाईवाली सब्जी मंडी में 40 दुकानें है। इसके अलावा बावल में मार्केट कमेटी की 70 दुकानें है, जिनमें नई अनाजमंडी में 90 के करीब, बावल में 40 व नाईवाली सब्जीमंडी में 30 दुकानदारों के पास कंपलीशन नहीं है। विवादों के समाधान योजना-2 का लाभ लेने के लिए मार्केटिग बोर्ड की ओर से जिले भर की अनाज मंडियों में व्यापारियों को नोटिस भी जारी किए थे, लेकिन कुछ ही व्यापारियों ने फीस जमा कराई। इस योजना के तहत कई ऐसे आढ़तियों को भी नोटिस भेजे गए हैं, जिन्होंने 15 से 20 साल पहले प्लॉट पर दुकान बना रखी हैं। उस दुकान का कंपलीशन सर्टिफिकेट न होने की बात कही जा रही है।

### जब्त हो सकती हैं दुकानें



मार्केट कमेटी सचिव नरेन्द्र यादव ने बताया कि योजना की अंतिम तिथि 30 जून 2024 है। प्लॉट पर दुकानों के कंपलीशन सर्टिफिकेट को लेकर आई शिकायतों के चलते यह मामले समिति के सामने रखे जा रहे हैं। समिति की ओर से आढ़ती की सुनवाई करने के बाद सभी मामले निपटाए जाएंगे तथा वसूली की जाएंगी। इसके बाद फिर से नोटिस जारी किए जाएंगे। कंपलीशन नहीं लेने वाले आढ़तियों की दुकानें भी जब्त हो सकती है।

### मामलों को निपटाने के लिए गठित कमेटी

नई अनाजमंडी में दुकानों के बकाया को लेकर सालों से चल रहे विवादों को निपटाने के लिए पिछले दिनों शुरू हुई 'विवादों के समाधान योजना-2' के तहत जिला स्तरीय कमेटी गठित की गई है। कमेटी में मार्केटिंग कमेटी के कार्यकारी अभियंता, डीएमईओ, मार्केट कमेटी सचिव व अकाउंटेंट मार्केट कमेट को शामिल किया गया है।

## धारूहेड़ा में बिजली के अघोषित कट व कम वोल्टेज से परेशानी

- बिजली के अघोषित कटों की वजह से कई बार पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

एक तरफ आसमान से आग बरस रही है वहीं दूसरी और लगातार बिजली के अघोषित कट और कम वोल्टेज से कस्बावासी परेशान हैं। बिजली केबल की पूरी राशि देने के बाद भी शहरवासियों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। गर्मी में लोगों को बिजली व पानी का ही सहारा होता है। ऐसे में बिजली निगम के ट्रांसफार्मरों पर भी लोड बढ़ गया है। इस वजह से बिजली के अघोषित कट लग रहे हैं तथा वोल्टेज में भी कमी देखने को मिल रही है। नंदरामपुर बास रोड पर स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पावर हाउस पर समस्या बनी हुई है। बिजली के अघोषित कटों की वजह से कई बार पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में लोगों को निरंतर बिजली देने के लिए उद्योगों की बिजली काटी जाती थी, लेकिन अब उद्योगों को पूरी बिजली व लोगों को अघोषित कट झेलने पड़ रहे है। नपा चेयरमैन चेयरमैन कंवर सिंह ने सीएम नायब सैनी से भी बिजली व पेयजल की आपूर्ति सुचारू करने का आग्रह किया है। चेयरमैन ने कहा कि बिजली के कटों से बुजुर्गों व बच्चों का हाल-बेहाल हैं। कस्बे की बिजली की तारे जर्जर अवस्था में है, बिजली लोड बढ़ने पर केबल कई जगहों पर टूट जाती हैं और लाइट गुल हो जाती है। बिजली लोड के बढ़ने से निरंतर अघोषित कट लग रहे है। बिजली निगम के अधिकारियों को चाहिए कि व नियमित रूप से पर्याप्त बिजली की आपूर्ति करें।



रेवाड़ी। नंदरामपुर बास रोड पर लगे ट्रांसफार्मर। फोटो :हरिभूमि

## मंत्री के शहर में दूषित पानी का कहर बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

- वार्ड नं. 5 के लोग 6 माह से भुगत रहे परेशानी, अफसरों से गुहार के बावजूद समाधान नहीं

प्रदेश के जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री डा. बनवारीलाल के गृह क्षेत्र बावल के वार्ड नं. 5 में करीब 6 माह से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। यह पानी पशुओं के पीने के योग्य भी नहीं है। लोग बार-बार अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, परंतु उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। भारी गर्मी के मौसम में वार्ड में डायरिया फैलने की आशंका बढ़ गई है। लोगों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस वार्ड के रहने वाले महेंद्र सिंह, अजीत, बलबीर, राजकुमार, संजय और विनोद आदि ने बताया कि वाटर सप्लाई की मेन लाइन कहीं टूटकर सीवर लाइन से अटैच हो रही है। करीब 6 माह से नलों में दूषित पानी आ रहा है। पानी में दूर से ही दुर्गंध आती है। यह पानी पशुओं के पीने लायक तक नहीं है। उन्होंने बताया कि कई माह से समस्या बनी हुई है। अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया जा चुका है। अधिकारी बार-बार कभी किसी लाइन को, तो कभी किसी लाइन को बंद करा देते हैं। भारी गर्मी के मौसम में लोगों को शुद्ध पेयजल तक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वह धरना-प्रदर्शन करने तक को मजबूर हो जाएंगी।



रेवाड़ी। बावल के वार्ड नं. 5 में सप्लाई हो रहा दूषित पानी। फोटो :हरिभूमि

### वार्ड में डायरिया की आशंका बढ़ी

वार्ड के लोगों ने बताया कि एक ओर जहां गर्मी में स्वास्थ्य विभाग लोगों को डायरिया से बचने के लिए साफ पानी पीने की हिदायत दे रहा है, तो दूसरी ओर जनस्वास्थ्य विभाग दूषित पानी परोस रहा है। इस पानी के इस्तेमाल से बच्चों और वार्ड के लोगों को डायरिया की शिकायत होने लगी है। अगर जल्द पानी की व्यवस्था ठीक नहीं हुई, तो इससे पूरे वार्ड में डायरिया फैल सकता है।

### जल्द होगा समस्या का समाधान



जनस्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल ने बताया कि उन्हें ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। इसके बावजूद विभाग के अधिकारियों को साफ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही लोगों की समस्या का समाधान कराया जाएगा। इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

**मौसम** बुधवार सायं बादलों के बाद रात का तापमान बढ़ा, कल हल्की बौछारें गिरने की संभावना

## दो दिन बाद तापमान में मामूली गिरावट, लू के प्रकोप से नहीं मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते दो दिनों से भारी गर्मी का सामना कर रहे लोगों को वीरवार के दिन भी राहत नहीं मिली। बुधवार शाम आसमान में बादल छाने व प्रदेश के कुछ हिस्सों में बौछारें गिरने से तापमान में 1.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट जरूर आई, परंतु हीटवेव का प्रकोप कम नहीं हुआ। शाम तक गर्मी ने लोगों के जमकर पसीने छुड़ाए। इसके बाद आसमान में फिर से आंशिक बादल छा गए। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को आसमान में बादल छा सकते हैं, जबकि 1 जून को बादलों के साथ बौछारें गिर सकती हैं। बीते दो दिनों से लोगों को भयंकर गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को तापमान सीजन में पहली बार 48 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। इस समय नौतपा चल रहा है। इन 9 दिनों में भारी गर्मी को अच्छी मानसून का संकेत भी माना जा रहा है। बढ़ते तापमान में लोगों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सुबह 9 बजे से ही गर्म हवाओं के चलने से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल बन रहा है। शाम को 5 बजे के बाद व देर रात तक भी गर्म हवाएं जमकर परेशान कर रही हैं। बुधवार शाम के समय कुछ इलाकों में बौछारें गिरने और आसमान में बादल छाने के बाद रात का तापमान बढ़कर पहली बार 31.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। अधिकतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस कम होकर 46.6 डिग्री पर आ गया। गत वर्ष की तुलना में मई माह के अंत में तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस ज्यादा चल रहा है। बीते वर्ष नौतपा के दौरान अच्छी बरसात हुई थी, परंतु बाद में बरसात सामान्य से कम रही थी। मौसम विभाग के अनुसार माह के अंतिम दिन मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। आसमान में बादल छा सकते हैं। जून के पहले ही दिन बौछारें गिरने से तापमान में गिरावट आने की संभावना है।



रेवाड़ी। बावल रोड से कूलर लेकर जाता रिक्शा चालक। फोटो :हरिभूमि

### किसानों को बरसात का बेसब्री से इंतजार

गत वर्ष मई माह के अंत में बरसात होने के बाद किसानों ने प्रमुख खरीफ फसल बाजरे की बिजाई कर दी थी। बाजरे का उत्पादन भी अच्छा हुआ था। इस बार किसानों ने बाजरा बिजाई के लिए बरसात का इंताजार शुरू कर दिया है। अगर अच्छी बरसात होती है, तो किसान बाजरे की अगेती बिजाई कर सकेंगे। इस समय होने वाली बरसात अगेती कपास की फसल के लिए टॉनिक का काम करेगी। मौसम में बदलाव से किसानों को जल्द बरसात की उम्मीद नजर आने लगी है।

### रेवाड़ी से खाटूधाम के लिए समर स्पेशल ट्रेन कल से

**रेवाड़ी।** राजस्थान सीकर के श्री श्याम खाटूधाम जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से रेवाड़ी-रींगस के बीच समर स्पेशल ट्रेन शुरू की जा रही है। यह ट्रेन 1 जून से 30 जून के बीच संचालित होंगी। खाटूधाम जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में ग्रीष्मकालीन अवकाश में रेलवे ने स्पेशल ट्रेन शुरू की है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 09637 रेवाड़ी-रींगस समर स्पेशल ट्रेन 1, 2, 8, 9, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 29 व 30 जून को रेवाड़ी से सुबह 11:40 बजे रवाना होकर दोपहर 14:40 बजे रींगस पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09638 रींगस-रेवाड़ी समर स्पेशल ट्रेन 1, 2, 8, 9, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 29 व 30 जून को रींगस से दोपहर बाद 3 बजे बजे रवाना होकर शाम 6:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी।

अवेयरनेस / अनुराग मनींद्र

# हम भी रखें स्वच्छ-सुरक्षित पर्यावरण



हम सभी के स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का स्वच्छ रहना बहुत जरूरी है। इस तरह पर्यावरण हमारे लिए प्रकृति का अमूल्य उपहार है। इसे हमें संजो कर रखना चाहिए। पर्यावरण को संरक्षित करने में हम अपना योगदान कैसे दे सकते हैं, जानो इस जरूरी बात को।

अपने स्कूल की छुट्टी के बाद आरव और अयान दोनों चॉकलेट खाते हुए वापस घर आ रहे थे। चॉकलेट खत्म होने के बाद आरव ने उसके रैपर को मोड़कर अपनी जेब में यह सोचकर रख लिया कि रास्ते में जहां कहीं भी डस्टबिन मिलेगा, उसमें इसे डाल देगा। जबकि अयान ने रैपर को यूं ही रास्ते में फेंक दिया। उसे ऐसा करते देख आरव ने टोका, 'अयान, ये गलत बात है न! याद करो, क्लास में टीचर जी ने पर्यावरण और उसकी स्वच्छता के बारे में क्या समझाया था?' अयान को अपनी भूल का एहसास हुआ। वह बोला, 'आगे से इस बात का ध्यान रखूंगा कि कोई ऐसा काम ना करूं, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचे। मेरी यह भी कोशिश होगी, पर्यावरण स्वच्छ रखने में अपना योगदान दूं।'

## पर्यावरण का अर्थ

बच्चों, पर्यावरण दो शब्दों 'परि' और 'आवरण' के मिलने से बना है। यहां 'परि' का अर्थ है 'चारों ओर' और 'आवरण' का अर्थ है- 'जिससे हम घिरे हुए हैं' या 'जो हमारे चारों ओर फैला हुआ है।' मतलब, हमारे चारों ओर मौजूद सभी जैविक (लिविंग) और अजैविक (नॉन-लिविंग) घटकों, जैसे- मिट्टी, हवा, पानी, सूरज की रोशनी, पेड़-पौधे, जीव-जंतु इन सभी से मिलकर हमारा पर्यावरण यानी 'एनवॉयर्नमेंट' बना है।

## विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत

बच्चों, तुम सोचते होगे कि विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत कब से हुई। पर्यावरण के प्रति विश्व में जागरूकता लाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सन 1972 में 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की। अगले वर्ष 5 जून 1973 को पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। तब से प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर जगह-जगह पर्यावरण से जुड़े सेमिनार होते हैं, लोग पेड़-पौधे लगाते हैं।

## पर्यावरण का महत्व

पर्यावरण का अर्थ समझने के बाद तुमको इसके महत्व के बारे में भी जानना जरूरी है। पर्यावरण ना सिर्फ हम इंसानों बल्कि हर जीवित प्राणी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। हम सभी भोजन, पानी, आवास और अन्य जरूरतों के लिए किसी न किसी रूप में पर्यावरण पर निर्भर हैं। इसलिए, हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में अपना योगदान दें।

## हमारी गतिविधियों का प्रभाव

बच्चों, हमारी कई सारी आदतों का सीधा या दूरगामी प्रभाव हमारे पर्यावरण पर पड़ता है। पेड़ लगाना, पानी बचाना, अपने आस-पास स्वच्छता का ध्यान रखना, ये आदतें पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं। कहने का मतलब, इससे पर्यावरण शुद्ध रहता है। वहीं दूसरी तरफ, पेड़ों की कटाई, पानी की बर्बादी या इसे दूषित करना, अपने आस-पास गंदगी फैलाने जैसी आदतें हमारे पर्यावरण को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं। इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है।



## इस वर्ष के पर्यावरण दिवस की थीम

प्रत्येक वर्ष पर्यावरण दिवस की एक 'थीम' निर्धारित की जाती है। यह थीम विभिन्न पर्यावरण संबंधी आंकड़ों, पर्यावरण को प्रभावित करने वाले कारकों और पर्यावरण संबंधी लक्ष्यों के पूरा करने के लिए तय की जाती है। वर्ष 2024 के लिए पर्यावरण दिवस की थीम है 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता'। इस थीम का उद्देश्य है, मरुस्थलीकरण की समस्या के समाधान की दिशा में प्रयास करना। पृथ्वी पर मिट्टी के क्षरण को रोकना ताकि पृथ्वी की उर्वरा शक्ति बनी रहे, पेड़-पौधों की संख्या बढ़े, खाने-पीने के लिए फल, सब्जी और अनाज प्रचुर मात्रा में उपजें।

## बच्चे भी दे सकते हैं अपना योगदान

बच्चों, तुम भी कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर, इन्हें अपने डेली-रूटीन में शामिल करके एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हो। जैसे-

- अपने फ्लैट में गमलों में पौधे लगाकर या अगर घर बड़ा है, सुंदर-सा बगीचा बनाया जा सकता है तो इसमें पेड़-पौधे लगाओ। इसकी नियमित देखभाल भी करो ताकि ये सूखे, मुरझाएं नहीं, हमेशा हरे-भरे बने रहें।



- उपयोग न होने की स्थिति में घर की लाइट्स, पंखे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के स्विच बंद करने की आदत बनाओ।
- अपने आस-पास साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखो। कूड़ा-करकट इधर-उधर न बिखेरो, इसे हमेशा कूड़ेदान में ही डालो।
- नहाते और ब्रश करते समय इस बात का ध्यान रखो कि पानी की बेवजह बर्बादी न हो।
- कागज को यूं ही बर्बाद मत करो। कुछ बच्चे अपनी नोटबुक के कई सारे पन्ने यूं ही सादा छोड़ देते हैं या आधे लिखे पन्ने को फाड़कर फेंक देते हैं। याद रखो, कागज बनाने के लिए पेड़ काटे जाते हैं। इसलिए अपनी नोटबुक्स का इस्तेमाल किफायत से करो।
- जब भी खाली समय मिले तो कुछ समय बगीचे में या पार्क में बिताओ। इससे तुम स्वस्थ रहोगे, साथ ही तुम्हें नेचर और एनवॉयर्नमेंट को समझने का मौका भी मिलेगा।
- पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के उपायों को जानो और समझो। साथ ही इसे अपने दोस्तों को भी बताओ, ताकि वे भी पर्यावरण-संरक्षण में अपना योगदान दें। *

साइंस नॉलेज / नयनतारा

बच्चों, तुम्हारे मन में कभी यह सवाल जरूर आता होगा कि पृथ्वी पर पेड़-पौधों की उत्पत्ति कैसे और कब हुई? जानो, पेड़-पौधों की रोचक विकास यात्रा के बारे में।

# पेड़-पौधों की रोचक विकास यात्रा

बच्चों, पेड़-पौधे, फूल-पत्तियां और जंगल, ये हर किसी के मन को भाते हैं। लेकिन आज जो पेड़-पौधे हमें दिखते हैं, वो हमेशा से ऐसे नहीं थे। ये पेड़-पौधे, फूल-पत्तियां और जंगल विकास के विभिन्न चरणों से गुजरते हुए अपने वर्तमान स्वरूप तक पहुंचे हैं।

**पहले जल में था पौधों का जीवन :** वैज्ञानिकों का मानना है कि दो बिलियन वर्षों से भी पहले, जब पृथ्वी पर जीवन का आरंभ हुआ, तब जमीन बंजर और जीवनरहित थी। उस समय पौधों का जीवन केवल समुद्र और अन्य जलीय स्रोतों में ही था।




**पृथ्वी पर पौधों की उत्पत्ति :** लगभग 42,50,00,000 वर्ष पहले कुछ छोटे-छोटे हरे पौधे जमीन पर आए। वह संभवतः किसी प्रकार की ग्रीन सी वीड्स (एल्गी या काई) से विकसित हुए थे। ये शुरुआती पौधे कुछ-कुछ सेवार (मॉस), लीवरवॉर्ट्स और हॉर्नवॉर्ट्स जैसे दिखाई देते थे, जिन्हें आज हम नमी भरी, छायादार जगहों पर उगता हुआ देखते हैं।

**जटिल पौधों का विकास :** लगभग 40,00,00,000 वर्ष पहले अधिक जटिल पौधे (कॉम्प्लेक्स प्लांट्स) विकसित हुए। ये पौधे आधुनिक फर्न, हॉर्सटेल और क्लब मॉस जैसे दिखाई देते थे। फर्न पहले पौधे थे, जिनमें जड़, तना और पत्तियां आईं।



**जुरासिक पीरियड के पेड़-पौधे :** जुरासिक काल में जब पृथ्वी पर पहले-पहल डायनासोर का अस्तित्व प्रारंभ हुआ, तब सीड फर्न, जिंकगोज, सायकड और कोर्डियाटेल्स के विशाल जंगल जमीन पर फैले पड़े थे। ये शुरुआती पेड़ थे, जो बीजों से उत्पन्न हुए थे और बाद में जंगलों में फैलते गए।

**देवदार और अन्य शंकुधर पेड़ों की उत्पत्ति :** लगभग 30,00,00,000 वर्ष पहले देवदार, सनोबर, सरो, स्प्रूस, हेमलॉक, रेडवुड जैसे पेड़ों का अस्तित्व प्रारंभ हुआ। ये बीजधारी पेड़ थे, इनके बीजों से ही इनकी उत्पत्ति और इनका विस्तार होता गया। म्यूटेशन के विभिन्न चरणों से गुजरने के बावजूद आज भी ये पेड़ लगभग अपने पुराने रूप में ही पाए जाते हैं।



**फूलों वाले पौधों का विकास :** लगभग 15 लाख वर्ष पहले शुरुआती फूलों वाले पौधे विकसित हुए। उनके सुरक्षित 'कवर्ड' बीज उन्हें अन्य पौधों से बेहतर बना देते हैं। इन्हीं बीजों की वजह से इनकी संख्या और प्रकार में वृद्धि हुई। आज तो अलग-अलग किस्म के फूल वाले पौधे लगभग हर जगह मौजूद हैं। *

## जीके क्विज- 106



1. विश्व साइकिल दिवस कब मनाया जाता है?
2. हाल ही में 29वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का विश्व रिकॉर्ड किसने बनाया है?
3. पेरिस ओलंपिक-2024 के लिए किस भारतीय को मशाल वाहक के रूप में चुना गया?
4. सिंगापुर के नए प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
5. मंगोलिया की राजधानी का क्या नाम है?
6. रतौंधी रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
7. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?
8. 'पुलित्जर पुरस्कार' का संबंध किस क्षेत्र से है?
9. कंप्यूटर का आविष्कार किसने किया था?
10. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?

**बच्चों, जीके क्विज-106 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-105 का उत्तर :** 1.सुनील छेत्री, 2.झारखंड, 3.प्रशांत महासागर, 4.स्वामी विवेकानंद, 5.स्टेपीज, 6.आईजैक न्यूटन, 7.सोडियम क्लोराइड, 8.हेनरी कैवेंडिश, 9.शतरंज, 10.विलियम शेक्सपीयर

**जीके क्विज-105 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, शुभम-बिलासपुर, पलक-अटेली मंडी, सरबजीत-करनाल, बी. ईशान-अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद

## हंसगुल्ले



**मोनू (राजू से) :** तुम सोनू से बात मत किया करो, वह बहुत झूठ बोलता है। वैसे, सोनू तुमसे क्या कह रहा था?
**राजू :** वो तुम्हारी तारीफ कर रहा था। कह रहा था, सोनू बहुत अच्छा लड़का है।
-सौम्या, रायपुर

**हिंदी टीचर :** स्वर और व्यंजन में क्या फर्क होता है?
**अमन :** स्वर मुंह से बाहर निकलता है और व्यंजन मुंह के अंदर जाता है।
-अंकुश, धमतरी

**चिंटू :** बर्फ का टुकड़ा उठा कर उसे घूरे जा रहा था।
**मिंटू :** इतने ध्यान से क्या देख रहे हो?
**चिंटू :** देख रहा हूं कि यह लीक कहां से हो रहा है?
-आकाश, रोहतक

# बगीचे का जन्मदिन

दिशा ने एक दिन अपने सभी फ्रेंड्स से कहा कि वह अपने बगीचे का जन्मदिन मनाएगी, सभी उसके घर जरूर आएं। हालांकि फ्रेंड्स को बगीचे के जन्मदिन की बात बड़ी अजीब लगी फिर भी वे दिशा के घर गए। क्या दिशा ने सचमुच बगीचे का जन्मदिन मनाया?

कहानी
संदीप पांडे



दिशा ने स्कूल में अपने सभी क्लासमेट्स को जब यह बताया कि दो दिन बाद वह अपने घर के छोटे-से बगीचे का जन्मदिन मनाएगी, तो सब यह सुनकर चौंके, 'बगीचे का जन्मदिन!' दिशा ने सभी से बगीचे के बर्थ-डे पर आने को कहा। उसने अपनी कॉलोनी के फ्रेंड्स को भी बगीचे के जन्मदिन पर आमंत्रित किया था। बगीचे का बर्थ-डे वाली बात सुनकर रोहन बाकी दोस्तों से बोला, 'दो महीने पहले दिशा ने अपनी पालतू बिल्लियों का भी जन्मदिन मनाया था। कहीं ऐसा तो नहीं कि दिशा अपने आप को कुछ अलग और खास दिखाना चाहती है।'

यह सुनकर सब ने रोहन की हां में हां मिलाई। लेकिन कुछ बच्चों के दिमाग में आया कि कहीं इस बार दिशा उन्हें बेवकूफ तो नहीं बना रही है? लेकिन एक दिन बाद दिशा ने फिर से सबको दोबारा याद दिलाया,'सबको बगीचे के जन्मदिन पर जरूर आना ही है।' साथ ही उसने यह भी कहा, 'किसी को भी गिफ्ट्स वगैरह लेकर नहीं आना है। अपने साथ बस एक-एक बोतल पानी लेकर आना है।'

दिशा के बार-बार कहने की वजह से सबको बेमन से उसके घर जाना ही पड़ा। सब एक-एक बोतल पानी लेकर उसके घर पहुंचे। दिशा के घर का छोटा-सा बगीचा खूब अच्छे से सजा हुआ था। दिशा ने आर्ट एंड क्राफ्ट में जो-जो बनाना सीखा था, उससे बगीचा सजाकर उसे और भी मनमोहक बना रखा था। सजावट की वजह से बगीचे के फूल भी बहुत ही खूबसूरत लग रहे थे। दिशा ने पहले सबको बगीचे के नीबू का शरबत पिलाया। इसी के साथ सबने बगीचे में लगे अमरूदों को भी मजे से खाया। इसके बाद सबको पकौड़े खाने को मिले फिर केक काटा गया। बच्चों ने 'हैप्पी बर्थ-डे' बोलते हुए बगीचे के पेड़-पौधों पर अपनी-अपनी बोतलों से पानी छिड़का।

दिशा ने सबको एक डब्बा दिया, जिसमें कुछ पर्चियां रखी थीं। सबको एक-एक पर्ची निकालकर उसमें लिखी एक्टिविटी करनी थी। किसी को फूल पर कविता सुनानी थी, किसी को तितली पर, किसी को कहानी सुनानी थी। सबने अपनी-अपनी पर्ची में लिखी एक्टिविटी करके दिखाया। हर बच्चे की एक्टिविटी पर खूब तालियां बज रही थीं। दिशा के बगीचे में खूब रौनक और धूम-धाम हो गई थी।

सभी बच्चों को इतना मजा आ रहा था कि उनका अपने-अपने घर जाने का मन ही नहीं हो रहा था। धूम-धाम से बगीचे का जन्मदिन मनाने के बाद जब दिशा के फ्रेंड्स अपने-अपने घर जाने लगे, तो दिशा के दादाजी ने हर बच्चे को एक-एक प्यारा-सा टिफिन बॉक्स उपहार में दिया। दिशा ने अपने सभी फ्रेंड्स को एक-एक गमला दिया, जिसमें फूल खिले हुए थे।

रोहन ने दिशा से कहा, 'दिशा, हमें तुम पर गर्व है। अब हम भी अपने घर के बरामदे में फूल लगाकर तितलियों को अपने घर बुलाएंगे।'

अपने घर जाते समय सभी बच्चों ने एक साथ दिशा के बगीचे से 'हैप्पी बर्थ-डे अगेन' कहा। यह सुनकर दिशा को महसूस हुआ, उसका बगीचा और भी अधिक खिला-खिला लग रहा है। *

कविता / डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

# बादल बोले



टिपिर-टिपिर कर बरस रहा था,
आसमान से पानी।
पानी का अकाल है क्या जी?
मुझको थी हैरानी!
सुबक-सुबक कर बादल बोले,
'हम तो बस रोते हैं।
दुनिया की हरकतें देख, बोझा
मन पर ढोते हैं।
पेड़ कट गए, भटक रहे हैं,
पशु-पक्षी बेचारे।
तुम तो एसी में बैठे, ये
फिरते मारे-मारे।
धरती औ' पहाड़ तपते हैं,
कहो, कहां ये जाएं?
पेड़ लगाओ ढेरों सारे,
कैसे यह समझाएं?'
समझ गए हम, वादा करते,
सुन मन ही मन हरसे।
ढेरों बादल हुए इकट्ठे,
खूब झमाझम बरसे।

## रंग भरो-151

**रंग भरो-151** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





यश, रोहतक



पृथ्वीराज, बिलासपुर



रितेश, मटियारी



परिधि, रोहतक



पलक, धमतरी



मयंक, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

भावन्या-भिलाई, दिव्यांश-दुर्ग, सृष्टि-रायपुर, भूमिका-बालोदा बाजार, रेयांश-बिलासपुर, पलक-अटेली मंडी, प्रज्ञा-कोंडागांव, सुयश-बिलासपुर, आर.विद्या-रायपुर, भानवी-दुर्ग, तक्षित-बिलासपुर, पवित्रा-फिंगेश्वर, योगिता-कोरबा, उदय-बालोद

## रंग भरो 152

बच्चों, इस चित्र में टीना, फूलों वाले पौधे पर पानी डाल रही है। पास ही एक तितली मंडरा रही है। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## रास्ता खोजो

बच्चों, पर्यावरण दिवस के अवसर पर हर्ष और खुशी गार्डन में पौधा लगा रहे हैं। अंश पौधे में पानी डालने के लिए हजारा लेने गया था, जब लौटने लगा तो गार्डन का रास्ता भूल गया। तुम अंश को गार्डन में हर्ष-खुशी तक पहुंचने में मदद तो करो।



## खबर संक्षेप

### ऑटो मार्केट के पास खड़ी स्कूटी चोरी

**रेवाड़ी।** राव तुलाराम पार्क के पास खड़ी एक स्कूटी चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में नूरपुर निवासी सत्यपाल ने बताया कि उसने ऑटो मार्केट के पास चाय का खोखा किया हुआ है। उसने अपनी एक्टिवा स्कूटी खोखे के पास ही राव तुलाराम पार्क की दीवार के पास खड़ी की थी। शाम को जब वह घर जाने लगा तो उसे स्कूटी नहीं मिली। उसने अपने स्तर पर काफी प्रयास किया, परंतु स्कूटी का कोई पता नहीं चल सका। सिटी पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### किसान के खेत से पाइप और मोटर चोरी

**जाटूसाना।** बोड़िया कमालपुर में चोर एक किसान के खेत से पाइप लाइन व मोटर चोरी कर ले गए। बिशंबर ने थाना सदर पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसने अपने खेत में पाइप लाइन बिछाकर उसे नलकूप से जोड़ा हुआ है। रात के समय चोर उसके नलकूप की मोटर व लाइन के पाइप चोरी कर ले गए। सुबह जब वह खेत में गया तो उसे चोरी का पता चला। उसकी शिकायत पर मौका मुआयना करने के बाद पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

### विधवा महिला से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** लुहाना में एक विधवा महिला से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में सुशीला देवी ने आरोप लगाया कि गांव का विनोद नामक युवक अक्सर उसके साथ गाली-गलौज करता है। उसने रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की। उसने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। उसके खिलाफ खोल पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है।

### सेवानिवृति से पूर्व डीईओ का किया अभिनंदन

**रेवाड़ी।** वीरवार को मॉडल टाउन स्थित निजी रेस्टोरेंट में डीईओ महेंद्र सिंह खनगवाल की सेवानिवृत्ति से पूर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हजरस की ओर से आयोजित अभिनंदन एवं विदाई समारोह की अध्यक्षता पूर्व डीईओ नसीब सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डीईओ धर्मवीर बल्ड़ोदिया, राजबाला बीआरसी कम बीईओ बावल व बीईओ सत्यपाल धूपिया ने शिरकत की। हजरस परिवार की ओर से डीईओ खनगवाल को सम्मान की पगड़ी, शाल, मोमेंटो व अन्य स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

# त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगी मतगणना, ईवीएम की सीसीटीवी से निगरानी

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसपी के साथ लिया जैन स्कूल में बनाए गए मतगणना केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी




रेवाड़ी। जैन स्कूल में स्ट्रांग रूम के बाहर तैनात जवान तथा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीसी व एसपी।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को त्रिस्तरीय अभेद्य सुरक्षा घेरे में की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रातः 8 बजे से जिले की तीनों विधानसभाओं के लिए मतगणना प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित स्टाफ 4 जून को मतगणना के दिन निर्धारित समय पर मतगणना केंद्र में अपनी-अपनी ड्यूटी पर उपस्थित हो जाए। उन्होंने कहा कि काउंटिंग एजेंट एवं काउंटिंग स्टाफ के लिए अलग-अलग प्रवेश की व्यवस्था रहेगी। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। डीसी राहुल हुड्डा ने वीरवार को एसपी शशांक कुमार सावन के साथ मतगणना केंद्र व स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### इस प्रकार रहेगी त्रिस्तरीय सुरक्षा

डीसी ने बताया कि प्रथम सुरक्षा घेरा मतगणना केंद्र से 100 मीटर दूरी से प्रारंभ होगा। यह स्थान पैदल क्षेत्र होगा। यहां पर वाहनों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इस क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस फोर्स की तैनाती रहेगी। इस क्षेत्र में प्रवेश करने वाले अपने प्रवेश पत्र साथ रखेंगे और बिना प्रवेश पत्र के प्रवेश निषेध रहेगा। इस क्षेत्र में काउंटिंग एजेंट, अभिकर्ता, मतगणना स्टाफ और मीडिया पर्सन को जारी किए गए प्रवेश पत्र के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा। द्वितीय सुरक्षा चक्र परिसर के प्रवेश द्वार पर होगा। प्रवेश द्वार पर फ्रिस्किंग के उपरांत ही प्रवेश दिया जाएगा। महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग की व्यवस्था रहेगी। यहां माचिस, लाइटर, शस्त्र, आईपोड व रिकॉर्डिंग डिवाइस प्रतिबंधित रहेंगे। मोबाइल का उपयोग भी केवल निर्दिष्ट स्थान पर ही किया जा सकेगा। तीसरा चक्र आंतरिक सुरक्षा के रूप में गणना हॉल के प्रवेश द्वार पर होगा। सुरक्षा कर्मियों की टुकड़ी से लैस प्रवेश द्वार पर भी फ्रिस्किंग की व्यवस्था रहेगी। मतगणना केंद्र के अंदर किसी भी अनाधिकृत व शरारती तत्व को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से मतगणना हाल में टेबल लगाने, अधिकृत प्रतिनिधि और मतगणना अभिकर्ता की संख्या व बैठने के स्थानों पर चर्चा की। ईवीएम-वीवीपैट की गणना के लिए टेबल निर्धारित करने, डाक मतपत्रों की गणना स्थान व अन्य सावधानियां बरतने पर भी चर्चा की।

### स्ट्रांग रूम की 24 घंटे की जा रही मॉनिटरिंग

डीसी राहुल हुड्डा व एसपी शशांक कुमार सावन नियमित रूप से स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर रहे है। सिक्योरिटी गार्ड व अन्य पुलिसकर्मियों को पूरी तरह से सतर्क रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं। काउंटिंग के दौरान स्ट्रांग रूम से ईवीएम बाहर लाकर उसी टेबल पर रखी जाए, जहां उसकी गणना होनी है। मतों की गिनती के बाद ईवीएम को वापस स्ट्रांग रूम में उसी स्थान पर रखवाना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य के लिए कर्मचारी प्रशिक्षित होने चाहिए। उन्होंने बताया कि ईवीएम व वीवीपैट की सुरक्षा के लिए गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बावल के लिए राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-18 के भू-तल पर व विधानसभा क्षेत्र रेवाड़ी के लिए राजकीय महिला महाविद्यालय के प्रथम तल पर तथा रोहतक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र के लिए जैन पब्लिक स्कूल में बनाए गए स्ट्रांग रूम की मॉनिटरिंग के लिए 4 जून मतगणना तिथि तक ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं, जो एआरओ एवं एसडीएम की देखरेख में तीन शिफ्टों में मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## डीसी ने प्रशिक्षण कार्यशाला में मतगणना स्टाफ को दिए दिशा-निर्देश

# मतगणना के समय अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता से करें : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी




रेवाड़ी। मतगणना स्टाफ को जानकारी देते डीसी राहुल हुड्डा तथा मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीसी व एसपी। फोटो : हरिभूमि

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि 18वें लोकसभा के आम चुनाव के होने के बाद काउंटिंग स्टाफ 4 जून को होने वाली मतगणना प्रक्रिया में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी व पारदर्शिता से करें। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर गलती या छोटी से छोटी चूक की भी कोई गुंजाइश नहीं है।

मतगणना कार्य में लगे अधिकारी पूरी निष्पक्ष व पारदर्शिता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए पूर्ण शुद्धता से मतगणना कार्य संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न कराया जाएगा तथा मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा वीरवार को जैन पब्लिक स्कूल में मतगणना कर्मियों के लिए आयोजित प्रथम प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर एसपी शशांक कुमार सावन, एआरओ एवं एसडीएम रेवाड़ी विकास यादव, एआरओ एवं एसडीएम कोसली उदय सिंह, नायब तहसीलदार चुनाव अजय कुमार सहित काउंटिंग स्टाफ मौजूद था।

### पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना

डीसी ने मतगणना कार्य को शत प्रतिशत सही एवं त्रुटि रहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में मतगणना प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सबसे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना शुरू की जाएगी। इसके बाद ईवीएम मशीन से मतों की गणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीन से मतों की गणना के समय मशीन को सही तरीके से प्रदर्शित करना है और उसकी जानकारी सही उच्चारण कर जाली के बाहर बैठे अभिकर्ता एवं एजेंट को बतानी है। उन्होंने कहा कि अभिकर्ता एवं एजेंट को संतुष्ट करना है, इसमें किसी प्रकार की विवाद की स्थिति नहीं होनी चाहिए।

### काउंटिंग स्टाफ को सभी पहलुओं का हो ज्ञान

जिला निर्वाचन अधिकारी हुड्डा ने कहा कि काउंटिंग स्टाफ की भूमिका मतगणना के दौरान अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है। मतगणना संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव है। इसलिए सभी की नजर मतगणना की प्रक्रिया पर केंद्रित होती है। ऐसे में मतगणना स्टाफ की भूमिका सबसे अहम हो जाती है। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान मतगणना में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों को मतगणना से संबंधित सभी पहलुओं का ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से जिले की तीनों विधानसभा बावल, कोसली व रेवाड़ी की मतगणना के लिए टीम का चयन कर करने उपरांत मतगणना प्रक्रिया के मद्देनजर अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। काउंटिंग स्टाफ को 3 जून को द्वितीय चरण के तहत प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतगणना टीम में मतगणना ऑब्जर्वर, माइक्रो आब्जर्वर व मतगणना सहायक शामिल हैं।

### मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट प्रतिबंधित

डीसी ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया सहित पूरी तरह से मतगणना कक्ष, मतगणना परिसर, स्ट्रांग रूम में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधि सीसीटीवी कैमरा की नजर में रहेगी। मतगणना स्थल पर मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने मतगणना की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आवश्यक नियमों एवं निर्देशों का पालन किया जाए। डाक मतपत्रों की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना पूर्ण होने के पश्चात ईवीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि सिलिंग कार्य महत्वपूर्ण है तथा रिटर्निंग ऑफिसर इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करेंगे। इस दौरान सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतगणना कार्य से संबंधित सभी पहलुओं बारे प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रैक्टिकल करके दिखाया गया तथा मतगणना कार्य के दौरान आने वाली शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

### सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी मतगणना

डीसी हुड्डा ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया 4 जून को ठीक प्रातः 8 बजे से आरंभ होगी। पूरी मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बावल व रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सेक्टर-18 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय तथा रोहतक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सरकुलर रोड़ स्थित जैन पब्लिक स्कूल में होगी। मतगणना के लिए कुल 48 टेबल लगाई जाएंगी। बावल व रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14-14 टेबल तथा कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 20 टेबल लगाई जाएंगी।

# गर्मी में गरम हुआ चश्मे और टोपी का बाजार

## छाता व गमछा की बिक्री भी हो रही खूब

पुख्ता इंतजाम के बाद ही हीट वेव में बाहर निकल रहे लोग, गर्मी से बचाव के सामान की खूब हो रही बिक्री

रामप्रसाद सैनी ⏭ धारूहेड़ा



रेवाड़ी। गर्मी से बचाव के लिए बच्चे को चश्मा लगाकर ले जाती महिला।

- गर्मी और लू के बढ़ते प्रकोप ने लोगों को दोपहर के समय घरों में ही दुबके रहने को मजबूर किया हुआ है। दोपहर के समय सुनसान हो जाते हैं बाजार
- दुकानदारों ने बताया कि गर्मी के मौसम के चलते स्वापी, गमछा, टोपी की बिक्री बढ़ी है। बड़ी संख्या में दुकानों पर इन सामान की खरीद करने के लिए आ रहे हैं लोग

जबरदस्त गर्मी और लू के बढ़ते प्रकोप ने लोगों को दोपहर के समय घरों में ही दुबके रहने को मजबूर किया हुआ है। दोपहर के समय बाजार सुनसान हो जाते हैं, लेकिन गर्मी से बचाव का सामान खरीदने वाले लोगों की भीड़ रहती है। गर्मी बढ़ने के बाद चश्मे और टोपी से लेकर गर्मी से बचाव के सामान की बिक्री खूब हो रही है। लोग छाता, स्वापी व गमछे भी जमकर खरीद रहे हैं। बीते साल नौतपा के 9 दिनों में पहले दिन से ही बरसात शुरू हो गई थी। लोगों को भारी गर्मी के प्रकोप का सामना नहीं करना पड़ा था। इस बार मई माह के दूसरे पखवाड़े से ही गर्मी ने लोगों का पसीना छुड़ाना शुरू कर दिया था। मई के अंतिम सप्ताह में नौतपा शुरू होने के बाद वर्षों बाद लोगों को असली गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। तापमान सर्वोच्च शिखर तक पहुंच चुका है। सुबह 9 बजे से ही गर्म हवाएं चलनी शुरू हो जाती हैं। शाम 5 बजे तक लोगों का घरों से निकलना मुश्किल बना रहता है। इसके बावजूद जरूरी कार्य से लोगों को बाहर भी निकलना पड़ रहा है। ऐसे में लोग गर्मी से बचाव का बंदोबश्त करने के

### दुकानदारों का कहना है

दुकानदार अशोक, योगेश, कृष्ण, नरेश कुमार, विनोद सोनी व सूरजभान आदि ने बताया कि गर्मी के मौसम के चलते स्वापी, गमछा, टोपी की बिक्री बढ़ी है। बड़ी संख्या में लोग दुकानों पर इन सामान की खरीद करने के लिए आ रहे हैं। जनरल स्टोर संचालक लक्ष्मणदास, अशोक कुमार गुप्ता व राजकुमार आदि दुकानदारों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ-साथ छाता एवं चश्मों की भी बिक्री पहले से काफी बढ़ी है। गर्मी से आखों को बचाने के लिए लोग चश्मों खरीद रहे हैं।

# आईटीआई में दाखिले के लिए 7 जून से होंगे आवेदन, निदेशालय ने जारी किया शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी




रेवाड़ी। पटौदी रोड स्थित राजकीय आईटीआई। फोटो : हरिभूमि

कौशल विकास एवं औधोगिक प्रशिक्षण निदेशालय पंचकूला ने हरियाणा के सभी राजकीय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग व्यवसायों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी विभाग की वेबसाइट एडमिशंस.आईटीआईहरियाणा.जी ओवी.इन पर 7 जून से 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। दाखिले से संबंधित दिशा-निर्देशों के लिए विवरण पत्रिका, संस्थानों की सूची एंव दाखिले के लिए उपलब्ध संस्थानवार सीटों बारे सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। विभिन्न दाखिला चरणों के लिए मेरिट एवं सीट अलाटमेंट जारी होने के पूर्ण कार्यकम की सूचना वेबसाइट पर 7 जून से उपलब्ध होगी। आवेदन के लिए प्रार्थियों को शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण एवं स्थाई निवास मूल-प्रमाण पत्रों की प्रतियां दाखिला फार्म के साथ आवश्यकतानुसार अपलोड करनी होगी। दाखिले के लिए प्रार्थियों के पास निजी ई-मेल आईडी, निजी मोबाइल नंबर, परिवार पहचान पत्र एवं आधार नंबर होना अनिवार्य है। इस वर्ष एचबीएसई व सीबीएसई बोर्ड में जिले से 14248 विद्यार्थी पास हुए है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड दसवीं में 8430 व बारहवीं में 6626 विद्यार्थी पास हुए है, जबकि सीबीएसई बोर्ड दसवीं में 8679 व बारहवीं में 7622 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण होने में सफलता पाई है। पॉलिटेक्निक कॉलेजों में विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके है।

# गुरु अर्जुन देव के बलिदान दिवस पर सिख समुदाय ने नमन कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



देश के विभिन्न समुदायों में धर्म गुरुओं का बड़ा योगदान रहा है, जिन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए अपने प्राणों तक को भी न्यौछावर कर दिया था। सिख समुदाय के 5वें गुरु अर्जुन देव माने जाते हैं। उनके बलिदान दिवस पर समुदाय के लोगों ने शहर के विभिन्न गुरुद्वारों में शबद कीर्तन का आयोजन कर अरदास भी की, जिसमें सिख समुदाय के ही नहीं, अपितु अन्य समुदाय के लोगों ने भी बढ़-चढकर भाग लिया। सिख समुदाय के वक्ताओं का कहना है कि गुरु अर्जुन देव का कई दृष्टियों से सिक्ख गुरुओं में विशिष्ट स्थान है। गुरु ग्रंथ साहब आज जिस रूप में उपलब्ध है, उसका संपादन उन्होंने ही किया था। गुरु अर्जुन देव सिखों के चौथे गुरु रामदास के पुत्र थे। गुरु नानक से लेकर गुरु रामदास तक के चारों गुरुओं की वाणी के साथ-साथ उस समय के अन्य संत महात्माओं की वाणी को भी उन्होंने गुरु ग्रंथ साहब में स्थान दिया है। वक्ताओं ने कहा कि गुरु अर्जुन देव का जन्म 15 अप्रैल 1563 को अपने ननिहाल में हुआ था। उन्होंने मुगल शासन से भी समुदाय को बचाने के लिए बड़ा कार्य किया था। वक्ताओं ने कहा कि मुगल शासन के बादशाह जहांगीर ने गुरु अर्जुन देव को अपने समक्ष पेश होने का संदेश भिजवाया था, जिसको पढ़कर गुरु ने अपना अंतिम समय नजदीक समझकर अपने सभी पुत्र हरगोविंद सिंह के संरक्षण में दे दिए थे और अपने अनुयायियों का मनोबल बढ़ाते हुए वह अपने पांच सिखों भाई जेठा, भाई पेड़ा, भाई बिधीआ, लंगाहा, पिराना को साथ लेकर लाहौर जहांगीर के दरबार में पहुंच गए थे। उन्हें जहांगीर ने बंदी बना लिया था और उनके समक्ष शर्त रखी गई थी कि गुरु ग्रंथ साहब में मोहम्मद साहब की स्तुति लिखनी होगी, जिसका गुरु अर्जुन देव ने विरोध किया। बताया जाता है कि उन्हें पानी की गर्म देग में बैठा दिया गया था और उनको अमानवीय यातनाएं भी दी गई, लेकिन गुरु अर्जुन देव तनिक भी विचलित नहीं हुए। सिख समुदाय में हाहाकार मच गया। गुरु अर्जुन देव ने मुगल सैनिकों से कहा कि वह रावी नदी में स्नान करना चाहते हैं, उन्हें उनके 5 साथियों के साथ रावी नदी में स्नान करने के लिए भेज दिया गया। गुरु अर्जुन देव ने अपने अनुयायियों से कहा कि उनका अंतिम समय अब नजदीक आ चुका है।

**कृषि जगत**

## आगामी फसलों की बिजाई से पूर्व किसानों को अच्छी खेती व आमदनी बढ़ाने के तरीके बताए

# मिट्टी-पानी की जांच करवाकर भूमि की उर्वरा शक्ति के साथ आमदनी बढ़ाएं किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंड



रेवाड़ी। मिट्टी के सेंपल लेते हुए डा. एचडी यादव। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रिटायर्ड विस्तार निदेशक डा. एचडी यादव ने वीरवार को आगामी फसलों की बिजाई से पूर्व किसानों को अच्छी खेती व आमदनी बढ़ाने के तरीके बताए।

गांव बासदूदा में डा. यादव ने खेत की मिट्टी व पानी के सेंपल लेते हुए बताया कि खेती करने से पहले मिट्टी-पानी की जांच कराने से उसमें पोषक तत्वों के बारे में जानकारी मिलती है। जांच से पता चलता है कि उसमे क्या तत्व है तथा उसकी क्या संरचना है तथा नाईट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश व आयरन कितना है। खेत में किन-किन तत्वों की जरूरत है। किसान अधिक पैदावार लेने के लिए जांच के बाद उसमें पोषक तत्व ले सकते है। फसल, सब्जियां व बागवानी खराब होने पर मिट्टी के नमूने लिए जाते है। मिट्टी की जांच के बाद पता लगेगा कि फसल को कितना खाद देना है। खेत में मिट्टी का सेंपल मेंड से 15 फीट दूर तथा 9 इंच गहरा ले। यदि एक ही एकड़ में तीन तरह की फसलें लगानी है तो हमें तीन सेंपल लेने पड़ेंगे।

### इस तरह से लें मिट्टी-पानी के सेंपल

मिट्टी का सेंपल लेने के लिए एक 9 इंच का गड्ढा बनाना है। उसकी एक दीवार को प्लेन करना है। मिट्टी को एक तसले में डाल लेना है। इसी तरह दूसरी जगह पर के सेंपल लेना है और इसे तसले में डालकर उसमें से एक आधा किलो मिट्टी एक साथ थैली में भरकर उस पर अपना नाम, पिता का नाम, गांव का नाम, किला नंबर या उसके लिए की कोई पहचान लिख दे ताकि सेंपल किस खेत का है पता चल सकें। इसी तरह से पानी का सेंपल लेने के लिए एक आधा लीटर की साफ बोतल ले और बोतल को अच्छे से गर्म पानी से धो ले और फिर ट्यूबवेल को आधा घंटे तक चलाकर बोतल में पानी भरकर अच्छे से ढक्कन लगा दे। मिट्टी व पानी के सेंपल को प्रयोगशाला में भेज दे।

# एसडीएम ने गर्ल्स कॉलेज में किया वाटर कूलर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



एसडीएम विकास यादव ने वीरवार को सेक्टर 18 में स्थित महिला महाविद्यालय में सीएसआर फंड से लगाए गए वाटर कूलर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पेयजल से बढकर दूसरी कोई सेवा नहीं है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मद्देनजर महाविद्यालय में आने वाली छात्राओं की प्यास बुझाने के लिए यह वाटर कूलर उपयोगी साबित होगा। उन्होंने सीएसआर फंड से वाटर कूलर स्थापित करने वाले कंपनी के निदेशक अमित संघी की इस नेक कार्य के लिए सराहना की। उन्होंने अन्य कंपनियों से भी धर्म पुण्य के कार्यों में आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि जल अमूल्य है, सभी का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि पानी को व्यर्थ न बहने दें। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. ज्योति, कोच चरण सिंह व अर्जुन सहित कॉलेज व कम्पनी का स्टाफ मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप

### कान्हड़वास में घर से लापता हुआ युवक

**कोसली।** कान्हड़वास में करीब 21 वर्षीय युवक घर से अचानक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में अनीता ने बताया कि उसके दो बेटे हैं। वह एक गैंस एजेंसी पर नौकरी करती है। 28 मई को शाम के समय जब वह घर आई तो उसका बड़ा बेटा हर्ष नहीं मिला। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। महिला ने आरोप लगाया है कि उसके बेटे को किसी ने अज्ञात स्थान पर छुपाकर रखा हुआ है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### तुलाराम स्टेडियम के बाहर से बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड पर राव तुलाराम स्टेडियम के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दर्ज शिकायत में संघी का बास निवासी नीरज बोड़वाल ने बताया कि वह दिल्ली रोड पर कार एजेंसी में काम करता है। बाइक को स्टेडियम के सामने खड़ी करने के बाद वह ऑफिस चला गया। शाम को घर जाने के लिए बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी।

### प्लॉट में लगी पानी की मोटर ले गए चोर

**रेवाड़ी।** खड़गवास में चोर एक प्लॉट में लगी पानी की मोटर चोरी कर ले गए। रामपुरा पुलिस को दर्ज शिकायत में बवीन कुमार ने बताया कि उसने गांव में एक प्लॉट लिया हुआ है। उसमें टीनशेड डालकर पानी का कनेक्शन लिया हुआ है। पाइप लाइन से पानी खींचने के लिए उसने मोटर लगाई हुई थी। रात के समय चोर उसकी मोटर चोरी कर ले गए। काफी तलाश करने के बाद भी मोटर का पता नहीं चला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### बीड़ी पीने से मना करने पर घर छोड़ गया

**रेवाड़ी।** जसवंत नगर में बीड़ी पीने से मना करने पर एक किशोर घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में यूपी के छोटी पिंडरी निवासी अमरनाथ ने बताया कि वह जसवंत में नौकरी करता है। कुछ दिन पहले ही वह अपने गांव से आया था। उसका छोटा भाई 15 वर्षीय सुशील भी घूमने के लिए उसके साथ आया था। 26 मई को सुशील को बीड़ी पीते देखकर उसने धमका दिया। इसके बाद रात के समय वह अचानक लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका।

### हादसे के बाद एंबुलेंस चालक पर केस दर्ज

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने हादसे को अंजाम देने के आरोपी एंबुलेंस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में राजस्थान के चमरवास निवासी अक्षय ने बताया कि वह गत 14 जनवरी को एक एंबुलेंस में नाइ्रवाली चौक से लिफ्ट लेकर अपने गांव जा रहा था। हरीनगर के कारण तेज गति होने के कारण एंबुलेंस डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 4 माह बाद अस्पताल से छुट्टी मिली है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू कर दी।

### हत्या के प्रयास मामले का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना कसोला पुलिस ने करीब 6 माह पूर्व दर्ज हत्या के प्रयास मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। डवाना में जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने गत वर्ष 30 दिसंबर को केस दर्ज करने के बाद कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस ने इस मामले में एक और आरोपी डवाना निवासी प्रेम सिंह को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने निखरी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल के बयान पर 22 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने गांव निवासी देवानंद को गिरफ्तार कर लिया।

---

गर्मी व लू से खेतों में खराब हो रही सब्जी की फसल

# गर्मी की मार से सब्जीमंडी भी गर्म एक सप्ताह में तीन गुणा बढ़ गए दाम

**तापमान में बढ़ोतरी व लू चलने से खेतों में झुलस रही बेल पर लगने वाली सब्जियां, बरसात आने पर मिल पाएंगी राहत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। सब्जीमंडी में दुकान पर रखी सब्जियां। फोटो : हरिभूमि

एक सप्ताह पहले सस्ते दामों में बिक रही सब्जियों पर भी भीषण गर्मी का असर दिखने लगा है। गर्मी व लू से खेतों में सब्जी खराब हो रही है। शहर की बिठवाना मंडी में सब्जी कम आने की वजह से दाम तीन गुणा बढ़ गए है। एम सप्ताह पहले 20 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बिकने वाली सब्जी तीन दिन से 60 से 70 रुपये प्रति किलो बिक रही है। तापमान के बढ़ने के साथ सब्जियों के दाम 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंचने की संभावना है। अगर इस बीच बरसात आती है तो लोगों को कुछ राहत मिल पाएंगी। 20 रुपये प्रति किलो बिकने वाला टमाटर 40 रुपये, खीरा 50 रुपये, पोदीना 100 रुपये टिंडा 80 रुपये व धनिया 100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। इसी तरह फलों के दामों में भी तेजी आ गई है। एक सप्ताह पहले सफेदा आम 100 रुपये का डेढ़ किलो बिक रहा था वही आम अब 100 रुपये किलोग्राम मिल रहा है।

#### लोगों को बरसात आने का इंतजार



रोजाना बढ़ती गर्मी की मार अब आम आदमी की जेब पर भी पड़ने लगी है। एक सप्ताह पहले सब्जी सस्ती थी तो भी ग्राहक कम थे, अब दाम तीन गुणा बढ़ने पर सब्जी विक्रेता ग्राहकों का इंतजार कर रहे है। सब्जी विक्रेताओं और लोगों को अब बरसता आने का इंतजार है, जिससे गर्मी से भी राहत मिले और सब्जी व फलों के दाम भी कम हो जाए। सब्जी विक्रेता हवासिंह पोसवाल का कहना है कि गर्मी के मौसम में खेतों में सब्जियां झुलस रही है, जिससे बिठवाना मंडी में आगे से कम सब्जियां आ पा रही है। शहर में राजस्थान, पंजाब, शिमला व हरियाणा से सब्जियां आती है। तापमान इसी तरह बढ़ता रहा तो सब्जियां और भी महंगी हो सकती है।

#### सब्जियों के दाम प्रति किलोग्राम

| सब्जियां | एक सप्ताह पहले दाम | वर्तमान दाम |
|---|---|---|
| अदरक | 200 | 240 |
| टमाटर | 20 | 40 |
| हरी मिर्च | 60 | 80 |
| नीबू | 140 | 160 |
| भिंडी | 30 | 60 |
| पालक | 20 | 50 |
| खीरा | 20 | 40-50 |
| करेला | 30 | 60 |
| ग्वार फली | 20 | 60 |
| बैंगन | 20 | 50-60 |
| टिंडा | 30 | 70-80 |
| पोदीना | 60 | 100 |
| आलू | 25-30 | 30-40 |
| प्याज | 25 | 30 |
| घीया | 20 | 40 |
| ककड़ी | 30 | 50 |
| अरबी | 40 | 80 |
| तोरई | 20 | 60 |
| धनिया | 60 | 100 |

## दुकानदारों ने शरबत पिलाकर राहगीरों को गर्मी से दी राहत



रेवाड़ी। राहगीरों को शरबत पिलाते हुए दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

धारूहेड़ा चुंगी स्थित कमला पैलेस कॉम्पलेक्स के दुकानदारों ने वीरवार को सरकुलर रोड पर मीठे पानी की छबील लगाई। दुकानदारों ने राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से निजात दिलाई। साथ ही लोगों से दोपहर के समय तेज धूप के बीच न निकलने की अपील भी की। जिले में गर्मी अपने पूरे चरम पर है और पारा भी 48 डिग्री तक पहुंच गया है। इस मौके पर संदीप कुमार, मास्टर रवि, मनोज, सतीश, जेपी, संजीव, तारा व सुनील सहित कॉम्पलेक्स के सभी दुकानदारों ने सहयोग दिया।

## पक्षियों के लिए सकोरे रखकर पानी का किया प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहड़

इस समय पूरे उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। हरियाणा भी उससे अछूता नहीं है। सूबे में भीषण गर्मी के चलते तापमान आए दिन बढ़ रहा है। ऐसे हालात में न सिर्फ मनुष्य बल्कि पशु पक्षी भी गर्मी और लू से बेहाल हैं। गर्मी के मौसम में कोहारड़ निवासी रामप्रसाद बेजुबान पक्षियों के लिए नियमित दाना-पानी का प्रबंध कर रहे है। रामप्रसाद की ओर से नाहड़-बहू मार्ग के कोहारड़ भड़ंगी चौराहे पर पक्षियों के लिए सकोरे रखकर पानी तथा दाने की व्यवस्था की गई है, जिनमें वह प्रतिदिन सुबह-शाम पानी भरते है व रोजाना दाने डालते है। राम प्रसाद का कहना है कि भीषण गर्मी के चलते पानी नहीं मिलने से हर वर्ष काफी पक्षियों की असमय में मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है। जीव मात्र के लिए जल अति आवश्यक है। उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि वह भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था अवश्य करें।



रेवाड़ी। पक्षियों के लिए सकोरे में पानी डालते हुए रामप्रसाद। फोटो : हरिभूमि

- भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था अवश्य करें

## आगजनी पर नियंत्रण को लेकर जागरूकता गोष्ठी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंड



रेवाड़ी। फायर सेफ्टी की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

नेशनल फायर एंड सेफ्टी कॉलेज कुंड बस स्टैंड पर वीरवार को आगजनी के नियंत्रण को लेकर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें आमजन को आग से बचाव की जानकारी दी गई। कॉलेज के डायरेक्टर अमित लांबा व इंस्ट्रक्टर विकास यादव ने बताया कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती है, इसलिए सभी दुकानदार दुकानों में फायर एक्सटिंग्यूसर रखे। उन्होंने फायर एक्सटिंग्यूसर प्रयोग करने के तरीके बताए। उन्होंने बतायाकि पहले पिन को खींचे, आग पर केंद्रित करे, ऑपरेटिंग लीवर को दबाए व दिशा से दिशा स्वाइप करने से आग पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आग लगने पर बचाव करने के लिए उपकरणों को ठंडा करने का प्रयास करें। सुनियोजित वेंटिलेशन का प्रयास करें। इलेक्ट्रिक वायरिंग को ठीक रखें व गैस सिलेंडर का लंबे समय प्रयोग न करें। आमतौर पर गर्मी के मौसम में फ्रिज में ब्लास्ट होने की खबरें सुनने को मिलती हैं। उसके बचाव के लिए फ्रिज को दीवार से थोड़ा दूर रखें तथा सभी इलेक्ट्रिक उपकरणों को बाहरी हवा लगने दे, जिससे हीटिंग कम होगी और आग लगने की संभावना कम बनती है। उन्होंने कहा कि सभी अपने घरों व दुकानों में मिट्टी से भरी बाल्टी या कोई भी बर्तन रखे जो आग लगने पर प्रयोग में ले सकें। इलेक्ट्रिक उपकरण पर पानी का प्रयोग न करें।

## क्लर्क एवं केयर टेकर पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित

- परीक्षा में 204 परीक्षार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। आईजीयू में परीक्षा देते परीक्षार्थी। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में क्लर्क एवं केयरटेकर के पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में 204 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा के निष्पक्ष आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए, जिसमें प्रत्येक परीक्षा कक्ष में निरीक्षक के साथ-साथ एक सीनियर प्रोफेसर को आब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जेपी यादव, कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो सत्येंद्र बल ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। कुलपति की ओर से परीक्षा से संबंधित अधिकारियों को परीक्षार्थियों एवं उनके साथ आए व्यक्तियों के लिए गर्मी के मौसम को देखते हुए बैठने का उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए ताकि किसी परीक्षार्थी को परेशानी न हो।

---




### अच्छा नहीं रहता लोगों से दूरी का परिणाम



चुनाव जीतने के बाद लोगों से दूरी बनाए रखने के परिणाम अच्छे नहीं रहते। शर्माजी को इस बार इसका अहसास जरूर हो गया होगा। टिकट मिलने के बाद प्रचार मैदान में उतरे तो लोगों के जमकर ताने सुनने को मिले। लोगों की शिकायत थी कि चुनाव जीतने के बाद वह उनके बीच आए ही नहीं। कुछ इलाकों में विरोध के स्वर भी मुखर हुए। मतदान का दिन आते-आते शर्माजी को इस बात का पूरा आभाष हो गया होगा कि अपने क्षेत्र के लोगों से दूरी बनाए रखना परेशानी का सबब भी बनता है। खैर, मतदाताओं ने अपना फैसला ईवीएम के हवाले कर दिया है। अब 4 जून को नेताओं से लेकर आमजन तक को बेसब्री से इंतजार है।

### बड़ी जीत के दिलाने के झांसे के बाद पलटी



बावल क्षेत्र के एक नेताजी की फितरत भी अजीब है। जहां राजनीतिक लाभ मिलने के आसार नजर आते हैं, वहीं छलांग लगाने में देरी नहीं करते। बार-बार रंग बदलना नेताजी की फितरत में दशकों से है। पहले चौ. बंसीलाल को दगा देकर सरकार गिराने में चूक नहीं की। उसके बाद एक पार्टी छोड़कर दूसरी में जाना और दूसरी के बाद तीसरी में, आदत में शुमार हो गया है। गुरूग्राम लोकसभा सीट पर राव इंद्रजीत सिंह को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने के दावे करने वाले यह नेताजी मतदान से तीन-चार दिन पहले ही राव को छोड़कर हुड्डा का गुणगान करते हुए पाला बदल गए। जितने रंग नेताजी ने बदले हैं, उतने तो गिरगिट भी नहीं बदलता होगा।

### दो युवा नेताओं की सक्रियता ने बढ़ाई बेचैनी

लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा प्रत्याशी का रेवाड़ी में साथ निभाने के लिए विधायक नहीं था। इस हलके में कांग्रेसी विधायक होने के कारण भाजपा का मैदान खाली था। पार्टी प्रत्याशी की टीम के अपने सिपाही के रूप में अजय पटौदा और अनिल रायपुर ने प्रचार मैदान में खुलकर मोर्चा संभाला। इस हलके में गांव-गांव और घर-घर जाकर प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की। दोनों की बढ़ती सक्रियता ने राव खेमे के एक नेताजी की बेचैनी जरूरत से ज्यादा बढ़ा दी। गत लोकसभा चुनावों की तरह अगर भाजपा को इस हलके में अच्छी बढ़त मिलती है, आने वाले विधानसभा चुनावों में नेताजी की जगह इन दोनों चेहरों में से ही कोई एक राव की पहली पसंद होगा।

### दमदार ठिकाने के लिए परिणाम का इंतजार

देश की बड़ी पंचायत का चुनाव हो चुका है। प्रदेश की पंचायत का चुनाव भी नजदीक आ रहा है। इस चुनाव में किस्मत आजमाने के लिए तैयारी कर रहे नेताओं को फिलहाल लोकसभा चुनावों के परिणाम का बेसब्री से इंतजार है। अगर भाजपा को प्रदेश में अच्छी सफलता मिलती है, तो पार्टी छोड़ने का मन बनाने वाले अभी इसी में बने रहेंगे। कांग्रेस का पलड़ा भारी नजर आया तो 'आया राम-गया राम' का सिलसिला शुरू हो जाएगा। भाजपा छोड़ चुके नेताओं को घर वापसी के बहाने लौटना पड़ेगा। कांग्रेस का पलड़ा भारी निकला, तो कुछ और नेता भाजपा को 'जय श्रीराम' बोलकर नए ठिकाने की तलाश में तेजी से जुट जाएंगे।

### यह बेचारे तो जीत के दावे करना ही भूल गए

अक्सर चुनावों के दौरान कमजोर से कमजोर और डमी प्रत्याशी भी समर्थकों के साथ जीत के दावे जरूर करते हैं। भले ही जमानत बचने के करीब भी नहीं हों। इस बार हालात यह बने हैं कि कम से कम इनेलो और जेजेपी समर्थकों ने ऐसा नहीं किया। इनेलो प्रत्याशी ने प्रचार मैदान में एक बार ही सूरत दिखाई, तो जेजेपी प्रत्याशी बड़ा तीर मारने के दावों के बाद पिक्चर से गायब हो गए। जेजेपी टूटकर पूरी तरह बिखरी नजर आ रही है, तो इनेलो में संगठन के नाम पर कोई कद्दावर चेहरा नहीं है। चुनाव प्रचार शुरू होने के बाद दोनों ही दलों के समर्थकों ने अपने-अपने पक्ष में चमत्कार की उम्मीद रखी थी, परंबु चुनाव आते-आते जीत के दावे भी नहीं कर सके।

### मतदान बाद नहीं टटोल पाए वोटरों की नब्ज



अक्सर मतदान के बाद राजनीति दल और नेताओं से लेकर राजनीति विश्लेषक तक मतदाताओं की नब्ज टटोलकर परिणाम का अनुमान आसानी से लगा लेते हैं। इस बार का मतदाता कुछ ज्यादा ही समझदार निकला है। मतदाता ने न तो मतदान से पहले अपनी नब्ज इन लोगों के हाथों में थमाई और न ही बाद में। चुप्पी साधकर अपने काम को अंजाम दे दिया। उनकी इस चुप्पी से चुनाव परिणाम को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाले लोग भी शांत नजर आ रहे हैं। रिकॉर्ड और बड़ी जीत के दावे करने वालों को हार की आशंका भी सता रही है, जबकि कमजोर माने जाने वाले प्रत्याशी को मतदाताओं की चुप्पी भविष्य की उम्मीद दिखा रही है।

---

## मतगणना केंद्रों के बाहर लगाई धारा 144



**रेवाड़ी।** जिलाधीश राहुल हुड्डा ने लोकसभा आम चुनाव की मतगणना को लेकर जैन पब्लिक स्कूल व राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-18 में बने मतगणना केंद्रों पर मतगणना के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा-144 लगाने तथा मतगणना क्षेत्र को रेड जोन घोषित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के तहत मतगणना केंद्रों के आस-पास के 200 मीटर क्षेत्र में 5 या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। मतगणना केंद्रों के अंदर हथियार व अन्य ज्वलनशील सामग्री, मोबाइल, आईपैड, लैपटॉप व अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। ड्रोन नियम-2021 के तहत जिले में ड्रोन-ग्लाइडर का उपयोग करने व उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। मतगणना क्षेत्र को रैड जोन तथा मतगणना केंद्रों के 100 मीटर क्षेत्र को पैदल क्षेत्र घोषित किया गया है। आदेशों की अवहेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1860 की धारा 188 के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

अधिकारियों को अवगत कराने पर भी समाधान नहीं

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। सिटी-1 कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

एसएसईबी वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर उपमंडल कार्यालय सिटी-वन में मांगों को लेकर पिछले दो दिन से दो घंटे का सांकेतिक धरना दिया जा रहा है। वीरवार को बिजली कर्मचारियों ने मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षत सब यूनिट प्रधान मनोज ने की।

प्रधान ने बताया कि 16 मई को मांगों को लेकर उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें एक सप्ताह का समय दिया गया था, लेकिन अधिकारियों की ओर से कोई संज्ञान नहीं लिया, जबकि इस भीषण गर्मी में भी जान हथेली पर लेकर बिजली कर्मी शहर को सुचारू बिजली आपूर्ति दे रहे है। प्रधान ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होती है, धरना इसी तरह जारी रहेगा। इस मौके पर विक्रम सिंह यूनिट सचिव, मंजीत यादव वरिष्ठ नेता, अजीत शर्मा वरिष्ठ नेता, मनोज, विनोद, विजय, नवीन, दिनेश, हेमंत, अरूण व नरेश सोनी सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

#### इन मांगों को लेकर चल रहा धरना

यूनियन के वक्ताओं ने कहा कि कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी हरिकिशन लाइनमैन एक्सईएन ऑफिस में काम करता है, उसे एक सप्ताह के अंदर सिटी-1 कार्यालय में काम पर बुलाकर टेक्निकल स्टाफ के साथ काम पर लगाया जाए व हेल्प डेस्क पर लगे सहायक लाइनमैन को भी लाइन स्टाफ के साथ काम पर भेजा जाए। 33 केवी लाइन की ब्रेक डाउन को ठीक करने के लिए वाहन दिया जाए, अगर वाहन नहीं होगा तो लाइन पेट्रोलिंग नहीं की जाएगी। कप्लेंट सेंटर का मोबाइल खराब है, जल्द ही नया मोबाइल दिया जाए। नए मोबाइल में रिकॉर्डिंग सुविधा हो ताकि कंज्यूमर गलत भाषा का उपयोग करे तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकें। ऑफिस में कार्यरत अमित मुद्गिल जेई को चार्ज दिया जाए। रात के समय में कर्मचारी बिना किसी वाहन के काम करते हैं। जल्द से जल्द पिकअप का इंतजाम किया जाए। सिटी-1 कार्यालय के तहत कोई शिकायत केंद्र नहीं है। शिकायत केंद्र के लिए जगह की व्यवस्था की जाए ताकि कंज्यूमर की कंप्लेंट समय पर दूर के जा सकें। सोलर नेट मीटर की रीडिंग का ठेका रीडिंग एजेंसी का है, जबकि मीटर की रीडिंग तकनीकी कर्मचारी ले रहे हैं। तकनीकी कर्मचारी यह काम किसी भी सूरत में नहीं करेंगे।

### तंबाकू शरीर के पूरे इम्यून सिस्टम को प्रभावित करता



**रेवाड़ी।** विश्व तंबाकू दिवस मनाने का उद्देश्य तंबाकू के उपयोग तथा उनके हानिकारक प्रभावों के बारे में आमजन को जागरूक करना है। राजकीय स्कूल बीकानेर के प्रवक्ता मुकेश कुमार ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी तंबाकू से शरीर पर पड़ने वाले दीर्घकालिक प्रभावों, जिसमें हृदय रोग, कैंसर व मधुमेह से अनभिज्ञ प्रतीत होती है। तंबाकू चाहे चबाया जाए या धूम्रपान किया जाए दोनों ही रूप मे तंबाकू स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। तंबाकू उत्पाद में कई तरह के असुरक्षित पदार्थ होते हैं, जोकि सांस के जरिए शरीर में जाकर फेफड़ों तथा शरीर के दूसरे अंगो को प्रभावित करते हैं। तंबाकू पूरे इम्यून सिस्टम को प्रभावित करता है, जो बाद में कैंसर जैसी अन्य भयानक बीमारियों का रूप लेता है।